
# 3 मेरा गाँव

आना मेरे गाँव में।
नदी किनारे गाँव है मेरा
बैठ के आना नाव में।
गाड़ी-मोटर भी चलती हैं
अब पूरी रफ्तार में ।
चुन्नू, मुन्नू, मुनिया खेलें
अमराई की छाँव में।
सभी लोग मिलकर रहते हैं
रहें नहीं अलगाव में।
यहाँ न कोई हाट, सिनेमा
घूमें खेत-बगान में।
जब जाते हैं खेत घूमने
मिट्टी लगती पाँव में।
भीड़-भाड़ औ शोर-शराबा
होता कहीं न गाँव में।
मचती उस दिन धमाचौकड़ी
मेला हो जब गाँव में।
जब भी लगे गाँव में मेला
आना मेरे गाँव में।
आना मेरे गाँव में साथी
आना प्यारे गाँव में!




-पाठ्यपुस्तक विकास समिति

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अमराई** – | आम का बगीचा | **अलगाव** | – अलग होना |
| **पड़ाव** – | ठहरने का स्थान | **धमाचौकड़ी** | – उधम मचाना |

## अभ्यास

**1. आइए बातचीत करें –**

(क) आपके गाँव का क्या नाम है?

..............................................................................................................

(ख) आपको अपने गाँव में क्या अच्छा लगता है?

..............................................................................................................

(ग) अपने गाँव या शहर के आसपास की नदी, तालाब या झील के नाम बताएँ–

..............................................................................................................

**2. पाठ में वर्णित गाँव के बारे में नीचे कुछ बातें लिखी गई हैं। उनमें कुछ सही हैं तथा कुछ गलत। उन्हें पढ़कर सामने दिए गए कोष्ठक में सही या गलत लिखें–**

(क) गाँव तक सड़क बनी हुई है। (          )

(ख) गाँव नदी किनारे है। (          )

(ग) गाँव में सिनेमा हॉल है। (          )

(घ) गाँव में बगान नहीं मिलता है। (          )

(ङ) गाँव में मेला भी लगता है। (          )

**3. एक जैसे अर्थ वाले शब्दों को मिलाइए–**

| | |
|---|---|
| पाँव | बगीचा |
| बगान | छाया |
| छाँव | ठहराव |
| पड़ाव | पैर |

4. दिए गए शब्दों के आगे समान ध्वनि वाले शब्द लिखिए-

(क) नाव – ………………… ………………… …………………

(ख) काम – ………………… ………………… …………………

(ग) शहर – ………………… ………………… …………………

(घ) चल – ………………… ………………… …………………

(ङ) जब – ………………… ………………… …………………

(च) आना – ………………… ………………… …………………

5. अपने दोस्तों के नाम बताएँ –

………………… ………………… ………………… …………………

………………… ………………… ………………… …………………

………………… ………………… ………………… …………………

आपके दोस्तों के नाम भी संज्ञा के ही उदाहरण हैं, किन्तु जब आप इनमें से कोई एक नाम लेते हैं तो कोई एक खास दोस्त ही आता है आपके सभी दोस्त नहीं। इसी प्रकार गाँव, शहर, प्रान्त या देश के नाम से भी उस खास स्थान का बोध होता है। अतः जिस नाम से किसी विशेष व्यक्ति या स्थान का बोध होता हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- राम, पटना, रहीम, बिहार, भारत, इत्यादि।

6. कौन-सा पेड़ आपको अच्छा लगता है और क्यों ?

…………………………………………………………………………………………………………

7. अपने शिक्षक एवं बड़े बुजुर्गों से पूछकर पता करें कि गाँवों में पहले के समय में किसी काम के लिए क्या-क्या साधन थे और अभी के समय में क्या-क्या साधन हैं?

| काम | पहले के समय | अभी के समय |
|---|---|---|
| खेती के काम के लिए | | |
| पानी निकालने के लिए | | |
| आने-जाने के लिए | | |
| रहने के लिए | | |